


# देश की आवाज़ राहुल गांधी

पटना । कांग्रेस दर्पण

सत्ता के खिलाफ राहुल गांधी की आवाज बुलंद है। उनकी आवाज को दबाने के लिए मोदी सरकार ने जितनी कोशिश की, राहुल के हौंसलों ने एक-एक करके सभी को नाकाम कर दिया।

राहुल का पुलिसिया उत्पीड़न किया गया, संसद की सदस्यता छीनी गई, घर भी छीन लिया गया, मगर राहुल चुप नहीं हुए। यह राहुल के साहस का ही कमाल है कि आजादी से पहले जिस कांग्रेस ने अंग्रेजों से लोहा लिया था, वही कांग्रेस आज 'नए तरह के अंग्रेजों' से लड़ रही है।

राहुल युवाओं के हक़ की बात कर रहे हैं। बेरोजगारों, किसानों और महिलाओं की आवाज बन रहे हैं।

समाज के वंचितों के लिए जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं तो जनता से लूट पर भी सरकार की बखिया उधेड़ रहे हैं। वह सरकार से लगातार पूछ रहे हैं कि अडानी की शेल कंपनियों में लगे ₹20 हजार करोड़ किसके हैं। 56 इंची सरकार इसका जवाब देने की बजाय मुंह छिपाती नजर आ रही है।

राहुल जनता के हर उस मुद्दे को उठा रहे हैं, जिस पर मोदी सरकार आंख मूंदे बैठी है। देश की बुनियादी दिक़्क़तों से निजात के लिए राहुल हर लड़ाई लड़ने को राजी हैं और हर कीमत भी चुकाने को तैयार हैं।

आजाद भारत में पहली बार किसी नेता ने इस तरह से भ्रष्टाचारी सत्ता के तिलिस्म को तोड़ने की चुनौती दी है। एक मजबूत नेता के रूप में राहुल के हौसलों ने जनता को सनकी सत्ता के खिलाफ लड़ने का साहस दिया है, जूझने के लिए संबल दिया है। राहुल ने 'मोहब्बत की दुकान' खोलकर भाजपा की नफरत वाली नस पर हाथ रखकर जोर से दबा दिया है, जिससे मोदी सरकार बिलबिला गई है।

भाजपा के नफरत और झूठ से आज पूरा देश बेहाल है। 'अच्छे दिनों' का सपना दिखाकर जनता को महंगाई, बेरोजगारी और भुखमरी के गर्त में धकेल दिया गया है। अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है, जनता की सुनने वाला कोई नहीं है। जनता भाजपा के भ्रष्टाचार और उन्माद से छुटकारा पाने को बेसब्र है। ऐसे वक्त में राहुल जनता की उम्मीद की किरण बनकर भाजपा के अंधकार से लड़ रहे हैं।

आज देश को उम्मीद बंधी है कि राहुल अपने मिशन में कामयाब होंगे, सभी को उनका हक मिलेगा, कोई किसी का शोषण नहीं कर सकेगा, जनता से लूट की कीमत पर 'मित्रों' की तिजोरियां नहीं भरी जाएंगी, भारत में पैदा होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सामाजिक और आर्थिक न्याय मिलेगा और नफरत-भ्रष्टाचार के धुंओं की जगह देश में मोहब्बत और खुशहाली का सूरज चमकेगा।

## बोल कि लब आज़ाद हैं तेरे, बोल ज़बाँ अब तक तेरी है
## बोल कि सच ज़िंदा है अब तक, बोल जो कुछ कहने है कह ले



# प्रधानमंत्री का जनता से लिया हुआ पैसा, जिसके खर्च का सरकार ने कोई हिसाब नहीं दिया

**PMCares** - प्रधानमंत्री का जनता से लिया हुआ पैसा, जिसके खर्च का सरकार ने कोई हिसाब नहीं दिया। इन पैसों का कितना सही, कितना गलत इस्तेमाल हुआ ये किसी को पता नहीं और न ही इसका कोई सकारात्मक असर दिखा है।

मगर इस खाते में जनता की मेहनत की कमाई के अलावा देश के पब्लिक सेक्टर यूनिट्स के भी हजारों करोड़ रूपये गए हैं। ये पैसा भी जनता का है, टैक्स भरने वाले लोगों का है।

अब तक सरकारी कम्पनियों द्वारा PMCares में 2900 करोड़ डाले गए जिनमें 1500 करोड़ सिर्फ पहली पांच कम्पनियों से आए।

**ONGC** - **370** करोड़
**NTPC** - **330** करोड़
**PGCI** - **275** करोड़
**IOCL** - **265** करोड़
पावर फाइनेंस कमीशन — **222** करोड़

इन कम्पनियों में जनता के निवेश किए हुए पैसे हैं जिनको देश के सुधार के लिए इस्तेमाल होना था।

मगर न मदद करने का हिसाब है, न किसी के जीवन में आए विकास का। जनता से सरेआम, दिन - दहाड़े लूटा हुआ ये पैसा आख़िर जा कहां रहा है?

# अजय कुमार दुबे को किया गया बरी



पटना।कांग्रेस दर्पण

2014 में लोक सभा में प्रत्याशी रहे अजय कुमार दुबे आज सुश्री संतोसिनी मुर्मू के न्यायालय में उपस्थित हुए उनके साथ कांड के चारअन्य अभियुक्त मधुसूदन मोदक किशोर कुमार महतो जितेंद्र कुमार मोदक एवं पपलू पांडे भी उपस्थित थे

घटना दिनांक 234 2014 के संध्या 6:00 बजे की है जब तीसरा पुलिस दूसरे दिन होने वाले चुनाव के मद्देनजर पोलिंग पार्टी वगैरह को सुरक्षा प्रदान कर रही थी उसी समय एक सुमो गाड़ी इसका नंबरँ10 एजी 4056 तिरंगा मोड़ की ऑर आ रही थी पुलिस ने जब उसे रोका तो एक आदमी उतर कर भाग गया और बाकी तीन आदमी से पूछा गया तो अपना अपना नाम बताया गाड़ी में कांग्रेस पार्टी काझो ला और बैग में रखे झंडा सामग्री और तीनों आदमी के पास से भारी राशि भी बरामद की गई थी सभी को पूछताछ करने के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया अजय कुमार दुबे 2014 में लोकसभा में कांग्रेस प्रत्याशी थे पुलिस उनसे भी पूछताछ की थी उसके बाद आरोप पत्र समर्पित हुआ था उपरोक्त कांड में 2 गवाहों का परीक्षण हुआ था अभियुक्तों की ओर से वरीय अधिवक्ता श्री ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने लगातार पैरवी कर रहे थे आज न्यायालय में सभी अभियुक्त उपस्थित थे माननीय न्यायालय ने सभी अभियुक्तों को साक्ष्य के अभाव में सभी को रिहा करने का आदेश दिया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवानों को न्याय मिले

पटना।कांग्रेस दर्पण

अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवानों को न्याय मिले- भारत के उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मान्यनिय डी वाई चंद्रचूड़ साहब का यह कहना कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ीिरँ का प्रतिनिधित्व करने वाली महिला पहलवानों द्वारा कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जो आरोप लगाया है यौन शोषण का जो भाजपा के सांसद हैं।उस पर पुलिश ने केस दर्ज क्यो नही की?जबकि जनवरी महीने भाजपा सांसद के खिलाफ7महिला पहलवानों ने केस दर्ज करने का अनुरोध दिल्ली पुलिस से की थी।यह एक गंभीर मामला है।

दुर्भाग्य है देश का जिसने देश के लिए स्वर्ण पदक जीता है। उसे न्याय तो दूर उसका केस भी दर्ज नही हो पाया है। दूसरी तरफ सरकार माफिया की सफाया की बात करती हैं।दिल्ली के जंतर मंतर पर 7महिला पहलवान पुनः23अप्रैल से न्याय के लिए धरने पर बैठी है।

उसे न्याय मिलनी चाहिए।सिर्फ विपक्ष और राहुल गांधी पर कार्यवाही के सरकार गतिशील हो जाती है जो दुर्भावना से ग्रसित है।महिला पहलवानों को उचित न्याय मिलनी चाहिए।सुरेशप्रसाद यादव, अध्यक्ष ,बिहार प्रदेश इंडियन कांग्रेस ब्रिगेड।



# एनडीए अमृत काल के कुछेक क्रांतिकारी जो बैंकों के करोड़ो रुपए लेकर विदेश भाग चुके हैं

यों कहें पीएम के विदेश यात्रा पर जाने के दौरान मोदी–मोदी नारे का कुशल प्रबंधक!!

उनके बारे में हम यहां बता रहे हैं। ऐसे क्रांतिकारियों की संख्या 31 है हम छह के बारे में जानकारी दे रहें हैं।

## 1.नीरव मोदी

डायमंड कारोबारी नीरव मोदी और उनके रिश्तेदार मेहुल चौकसी पीएनबी में हुए करीब 13000 करोड़ रुपए के घोटाले के आरोपी हैं। नीरव और उनके रिश्तेदारों ने फर्जी लेटर ऑफ अंडरटेकिंग्स के जरिए विदेशी अकाउंट्स में ट्रांसफर की। फिलहाल नीरव मोदी और मेहुल चौकसी फरार हैं। सरकार ने दोनों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी कराने के लिए इंटरपोल का रुख किया है।

## 2.विजय माल्या

मशहूर शराब कारोबारी विजय माल्या की कंपनी किंगफिशर एयरलाइंस पर देश के 13 बैंकों का करीब 9 हजार करोड़ रुपए कर्ज था। माल्या कर्ज चुकाने के बजाए साल 2016 में देश छोड़कर फरार हो गए। फिलहाल माल्या ब्रिटेन में रह रहे हैं।



## 3.ललित मोदी

आईपीएल के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी के खिलाफ करोड़ों रुपए का धन शोधन का मामला चल रहा है। साल 2010 में पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष एन श्रीनिवासन की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। ललित मोदी भी भारत से फरार होने के बाद से ब्रिटेन में रह रहे हैं।

## 4.जतिन मेहता

सोने और हीरे के कारोबारी जतिन मेहता विनसन इंडिया लिमिटेड के मालिक हैं, जिन्होंने कंपनी के नाम पर करीब 7000 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। कर्ज नहीं चुकाने के कारण बैंकों ने जतिन मेहता को नोटिस जारी किया। जिसके बाद मेहता अपने परिवार के साथ फरार हो गए और कैरेबियन द्वीप सेंट किट्स की नागरिकता ग्रहण कर ली।

## 5.आशीष जोबनपुत्रा

टेक्सटाइल एक्सपोर्ट फर्म कोट्सपिन प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रमोटर आशीष जोबनपुत्रा और उनकी पत्नी 770 करोड़ रुपए के घोटाले के आरोपी हैं।

## 6.संजय भंडारी

हथियार कारोबारी संजय भंडारी करीब 150 करोड़ रुपए के घोटाले के आरोपी हैं। भंडारी ने देश के बाहर करीब 150 करोड़ रुपए की संपत्ति खरीदी, जिसे उन्होंने कर ना देने के उद्देश्य से आयकर अधिकारियों के समक्ष घोषित **रणजीत कुमार मुखिया जी,पूर्व जिला सचिव,बेगूसराय काँग्रेस कमिटी।**

# देश के महिला पहलवानों से यौन शौषण जैसे गंभीर मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा भाजपा सांसद कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर अभी तक एफ आई आर नही होना गंभीर विषय

पटना। कांग्रेस दर्पण



दिल्ली के जंतर मंतर पर धरने पर बैठी महिला पहलवानों द्वारा विगत तीन माह से यौन शौषण जैसे गंभीर मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर अभी तक एफ आई आर नही होने देश के आधी आबादी का अपमान है।

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, विपिन बिहारी सिन्हा, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, कुंदन कुमार, विशाल कुमार, मो शमीम, मो समद, असरफ इमाम, सुरेंद्र मांझी, विनोद उपाध्याय, प्रदुमन दुबे, आदि ने कहा की महीनो पहले महिला पहलवानों द्वारा यौन शौषण जैसे गंभीर मामले सामने आने के बाद सरकार द्वारा गठित कमिटी द्वारा केवल खानापूर्ति करने से आक्रोशित महिला पहलवानों द्वारा जंतर, मंतर पर लगातार कई दिनों से धरना देने पर देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा चिंता जाहिर करते हुए सी जे आई डी वाई चंद्रचूड़ ने इसे बेहद गंभीर मामला बताते हुए दिल्ली को नोटिस जारी कर शुक्रवार तक जवाब मांगा है।

नेताओ ने कहा की महिला पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शौषण का आरोप लगाने वाली एक गोल्ड मेडल जीतने वाली नाबालिग पहलवान है।

नेताओ ने कहा की दिल्ली पुलिस केंद्र सरकार के इशारे पर ऐसे गंभीर मामले में दिल्ली पुलिस जान बूझ कर केश दर्ज करने से बच रही है, इसके लिखी जिम्मेवार दिल्ली पुलिस अधिकारियों पर भी कारवाई होनी चाहिए।

नेताओ ने कहा की इसी दिल्ली पुलिस द्वारा विपक्ष के नेताओ पर भारत जोड़ो यात्रा में किसी लड़की का दर्द सुनने पर पूछताछ की जाती है , मगर देश का मान, सम्मान बढ़ाने वाली, गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय महिला पहलवानों की गुहार अनसुनी कर दी जाती है।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

## बेगूसराय नगर क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए विस्तार पूर्वक विचार विमर्श

बेगूसराय नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 बाघा में समर्पित कांग्रेसी आदरणीय अभिभावक शशिकांत चौधरी स्थानीय नगर निगम के पार्षद मुकुल सरदार. अनिल कुमार सिंह. अमरजीत यादव. संजय शाह. राजेश कुमार जिला कांग्रेस के पूर्व सचिव रंजीत कुमार मुखिया. सहित अन्य लोगों के साथ विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया ' हम लोगों ने कांग्रेस एवं महागठबंधन में समन्वय बनाकर बेगूसराय नगर क्षेत्र में संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया ' बेगूसराय नगर क्षेत्र में विकास एवं जन समस्याओं के मुद्दे पर आपसी तालमेल के साथ कार्य करने का निर्णय लिया एवं बेगूसराय नगर क्षेत्र में आपसी समन्वय बनाकर भ्रमण करने का निर्णय लिया गया और लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनना और उसके निराकरण के लिए संघर्षरत रहने पर जोर दिया गया ' आपका... ब्रजेश कुमार प्रिंस पूर्व पार्षद. अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमिटी नगर निगम बेगूसराय '



2005 में मनमोहन सिंह जी के सरकार में नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट आया था। इसका उद्देश्य था ग्रामीण मजदूर को आर्थिक मजबूती देना, लेकिन मोदी सरकार ने लगातार बजट घटाया और कई बदलाव किए। हमारी मांग है कि इस योजना में पुरानी स्थिति लागू होनी चाहिए। : Dr. Udit Raj जी




इस बार कर्नाटक की जनता भाजपाई झूठ, भ्रष्टाचार, अहंकार को हराने जा रही है..

# बहुमत की तानाशाही पर इतरा रही मोदी सरकार : शम्स शाहनवाज

## 2024 में केंद्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का लिया संकल्प

## परिहार, सुरसंड और सीतामढ़ी के दर्जनभर लोग कांग्रेस में हुए शामिल

**पटना।कांग्रेस दर्पण**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में संपन्न भारत जोड़ो यात्रा और हाथ से हाथ जोड़ो अभियान से प्रभावित होकर आमजनों का कांग्रेस पार्टी से जुड़ने का सिलसिला जारी है। बुधवार को सीतामढ़ी जिला कांग्रेस कार्यालय ललित आश्रम में परिहार, सुरसंड और सीतामढ़ी विधानसभा क्षेत्र के दर्जनभर लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि शम्स शाहनवाज ने पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा और परिहार के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अब्दुल गफूर अंसारी की उपस्थिति में सभी को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई।


इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि शम्स शाहनवाज ने कहा कि बहुमत की तानाशाही पर इतरा रही मोदी सरकार गरीब, किसान-मजदूर, अकलियत और दलित समाज का दमन कर रही है। सत्ता प्रायोजित जुल्म-ज्यादती, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जननायक राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के चरणबद्ध आंदोलन से कांग्रेस के प्रति जनमानस का विश्वास बढ़ रहा है। राहुल गांधी देश की एक मात्र उम्मीद हैं। मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और मुट्ठीभर पूंजीपतियों की सरकार को 2024 में उखाड़ फेंकने के लिए सबको एकजुट होकर लड़ना होगा।




जिला कांग्रेस के पूर्व उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुशवाहा और परिहार प्रखंड के वरिष्ठ कांग्रेस नेता अब्दुल गफूर अंसारी ने कहा कि कांग्रेस की हालत खराब नहीं है बल्कि देश के हालात खराब हैं। कांग्रेस की मजबूती से ही देश सशक्त और बुलंद होगा।

कांग्रेस में आस्था व्यक्त कर अब्दुल हफीज, मो.इरफान, संतोष कुमार, सिराज अहमद अंसारी, सदरे आलम, डॉ.राजीव यादव, राजेश राज, नवल किशोर, जगदीश प्रसाद, नागेंद्र साह, मो. अनवारूल, हरि किशोर ठाकुर, नंदन कुमार, अमर कुमार, कुंदन कुमार, जय शंकर प्रसाद, मो.एहसान, तनवीर हुसैन, मंसूर आलम, मो.अलीम, सुरेंद्र कुमार आदि ने पूरे परिवार के पात्र सदस्यों के साथ कांग्रेस पार्टी में शामिल होने और राहुल गांधी जी का संदेश जन-जन तक पहुंचने का संकल्प लिया।

प्रदेश प्रतिनिधि अफाक खान, प्रमोद कुमार नील, रकटू प्रसाद, संजय कुमार बिररख, रितेश रमण सिंह, डॉ.राजीव कुमार काजू, परिहार प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष एमआई आदिल, बिरेंद्र राम, रंधीर चौधरी, मोनी गुप्ता, नगर अध्यक्ष संजय शर्मा, डुमरा प्रखंड अध्यक्ष हैदर अंसारी, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष रोहन कुमार, रोशन झा बिट्टू, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सरफराज शेख, सेवा दल अध्यक्ष आलोक सिंह, आलोक राठौर, मनोज सिंह, राहुल रमेश, अफजल राणा, धीरज सिंह, दिलकश खान, मुश्ताक सरवर, शेख गुलाब, रफीक अंसारी, राजीव कुशवाहा, राज करण यादव, गुलशन कुमार, अरुण कुमार वर्मा आदि ने सदस्यता ग्रहण करने वाले नए सदस्यों का पार्टी में स्वागत किया है और कहा कि उपरोक्त सदस्यों के कांग्रेस परिवार में शामिल होने से पार्टी संगठन मजबूत होगा।



# डंडारी प्रखंड कांग्रेस ने चलाई हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा लोगो को दी राहुल गाँधी का संदेश

पटना ।कांग्रेस दर्पण

बलिया बेगूसराय 26 अप्रेल


बखड़ी बिधानसभा क्षेत्र के डंडारी प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व मे आज डंडारी प्रखंड क्षेत्र के महिपाटोल पंचायत के पछरूखी गाँव मे कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा अभियान के तहत पदयात्रा निकाली गई इस दौरान पदयात्रा गाँव के गली गली मे घूमकर आम लोगो को राहुल गाँधी का संदेश दिया।

इस अबसर पर उपस्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह डंडारी कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के प्रभारी नरायण सिंह ने आमलोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की आज जब राहुल गाँधीजी पीएम नरेंद्र मोदी के भ्र्ष्टाचार के खिलाफ बोलते है तो उनकी सांसद सदस्यता छीन लीं जाती है

देश को अडानी के हाथो मे बेचने के साजिश का बिरोध क्या जाता है तो उनको झूठे केश मे फसाकर सजा दिलवा दी जाती है देश मे जो भी बढ़ रही महगाई की के खिलाफ आवाज उठाते है तो उनके खिलाफ सिबीआई ईडी जांच बैठाकर तंग क्या जाता है लेकिन हम कांग्रेस कार्यकर्ता लड़े है लड़ेंगे और अंतिम दमतक लड़ेंगे

आजके कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो पदयात्रा मे साहेबपुर कमाल बिधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रतियासी सह बलिया पिसीसी अध्यक्ष राकेश सिंह डंडारी मंडल कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश सिंह बलिया नगर पालिका के पूर्व वाड पार्षद फरोगुर रहमान कांग्रेस नेता संजय सिंह मोङ्ग दानिश दिलकश केदारनाथ राम नरेश पासवान निरंजन पासवान मोङ्ग अजहर हैदर रवीश कुमार गौतम कुमार सहित अनेक लोग शामिल हुए





# अजमेर में एक और भाजपा की जन आक्रोश रैली अजमेर में हुई फेल: पीयूष सुराणा

संवाददाता।कांग्रेस दर्पण

अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया विभाग के अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया कि एक और भाजपा की जन आक्रेश रैली अजमेर में हुई फेल।और इधर भाजपा के करीब 30 से 50 कार्यकर्ताओ ने दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी रहे समाज सेवी हेमंत भाटी के नेतृत्व में भाजपा छोड़कर ज्वाइन की कांग्रेस। दूसरी तरफ अजमेर शहर में लोगो में दिखा महंगाई राहत कैंप शिविर में रजिस्ट्रेशन करवाने का उत्साह। पीयूष सुराणा ने बताया कि स्थाई कैंप नगर निगम, कलेक्ट्रर कार्यालय, के अलावा वार्ड नं 68 श्रीमती अनिता मनीष चौरसिया पार्षद साहिबा ने पुराना प्राइवेट बस स्टैंड अजमेर में स्थाई महंगाई राहत शिविर कैंप लगवाया। आमजन वार्ड में लगने वाले 2 दिन के अस्थाई कैंप में रजिस्ट्रेशन करवाने से वंचित रह जाए तो पीयूष सुराणा ने आग्रह किया को आप स्थाई कैंपों में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यदि किसी ग्राम पंचायत में नही लगा हो अभी तक कैंप तो वो भी स्थाई व अस्थाई महंगाई राहत कैंप में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने महंगाई राहत कैंप लगवाकर लोगों को दी बड़ी राहत,लोगो के चेहरों पर आई मुस्कान।।

सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया की महंगाई राहत कैंप शिविर में लाखो लोग करवा रहे है रजिस्ट्रेशन।आज अजमेर वार्ड नं 68 पार्षद श्रीमती अनिता मनीष चौरसिया के वार्ड में चल रहा महंगाई राहत कैंप में सैंकड़ों लोगों ने करवाया अपना रजिस्ट्रेशन।इस दौरान वहां आए युवा,वृद्ध,महिलाओ से बात की तो उन्होंने पीयूष सुराणा को बताया की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जो जनता को गैस सिलेंडर में राहत दी है उससे बचत की एक आस जगी है,और पेंशन को 1000 रुपए करके मुख्यमंत्री ने वृद्ध जन,विकलांग जन,और विधवा महिलाओं को उनको हक से जीने की राह दी है। वास्तविकता में एक जननायक ही ऐसा काम कर सकता है। पीयूष सुराणा ने आ रही समस्या को लेकर 181 पर भी बात की और जल्द ही उन कठिनाइयों को दूर करने के लिए कहा ताकि आमजन परेशान ना हो। इन शिविरों में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अजमेर सोशल मीडिया विभाग अध्यक्ष पीयूष सुराणा,जितेंद्र चौधरी,मनीष चौरसिया,महेंद्र कुमार जोशी,सरोज गहलोत,गायत्री,चेतन पंवार ने महंगाई राहत कैंप में अपनी सेवाएं दी।कई लोगो का रजिस्ट्रेशन करवाया और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।जिनके रजिस्ट्रेशन करवाए उनमें से कुछ नाम इस प्रकार है अरविंद जैन,नर्मदा देवी,दिव्यांग शक्ति सिंह शेखावत,पारुल जैन,श्रेयांस सुराणा,रमेश भाई, ऐसे कई लोगो के रजिस्ट्रेशन करवाने में मदद की गई।

**कांग्रेस शामली जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मरीज से मिले कांग्रेसी, मदद का दिया आश्वासन।**




# राजस्थान, हिमाचल और छत्तीसगढ़ में हमने जो वादे किए, वो निभाए.. अब कांग्रेस कर्नाटक के लिए गारंटी लाई है

संवाददाता।कांग्रेस दर्पण

- सबसे बड़ी गारंटी: लूट बंद–विकास चालू
- प्रदेश में 100% प्रगति की गारंटी
- साढ़े 3 सालों से खाली पड़े 2.50 लाख पदों पर भर्ती बाहर के नेता कर्नाटक आकर कहते हैं– यह प्रदेश हमें दे दीजिए, प्रधानमंत्री को सौंप दिजिए क्क्या बसवन्ना जी, कुवेम्पु जी और नारायण गुरु जी के बेटे और बेटियां अपना प्रदेश खुद नहीं चला सकते।आज मैं मैसूरू के मायलारी होटल गई। होटल मालिक ने बताया कि इसे उनके पिता ने शुरू किया था। उन्होंने मुझे भी डोसा बनाना सिखाया। वहीं उनकी बेटी मिली जो इंफोसिस में काम करती है। परंपरा को साथ लेकर भविष्य देखना ही कर्नाटक की पहचान है।

जब इंदिरा जी चिकमगलूर आईं तब उनके लिजिए संघर्ष का समय था। उस मुश्किल वक्त में चिकमगलूर की जनता उनके साथ खड़ी रही। आज राहुल जी और हमारे परिवार के लिए संघर्ष का समय है। हमें पूरा भरोसा है कि देश की जनता हमारे साथ खड़ी रहेगी।




# संवाद जवाहर रंगमंच कार्यक्रम के समापन में हुए स्वंयसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी सम्मानित













**संवाददाता । कांग्रेस दर्पण**

स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र (राजस्थान सरकार) द्वारा आयोजित स्वयंसेवी संगठनों एवं प्रशासन के मध्य 25–26 अप्रैल 2023 संवाद जवाहर रंगमंच अजमेर में कार्यक्रम का हुआ समापन। समापन में हुए स्वंयसेवी संस्थाओं के पदाधिकारी सम्मानित। राज्य मंत्री मुमताज मसीह ने पीयूष सुराणा, महेंद्र कुमार जोशी, जितेंद्र कुमार चौधरी, अशोक सुकरिया, हरी प्रसाद जाटव, राधेश्याम सैनी, आर के महावर को सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित।

अब NGO क्षेत्र से जुड़ी समस्त संस्थाओं के लिए श्रफळ पोर्टल http://vsdc.rajasthan.govt.in पर पंजीकरण व प्रमाणीकरण करवाना अनिवार्य है। सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर के अध्यक्ष पीयूष सुराणा ने बताया कि आज 26/04/2023 को जवाहर रंगमंच अजमेर में दूसरे सत्र में स्वयंसेवी संगठनों एवम प्रशासन के मध्य संवाद कार्यक्रम में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वैच्छिक क्षेत्र विकास केंद्र के अध्यक्ष (राज्यमंत्री) मुमताज मसीह, अतिथि पंकज दादीच, संजय गौड़, सरपंच मगनीराम, पूर्व, दक्षिण विधानसभा प्रत्याशी रहे समाज सेवी हेमंत भाटी, उत्तर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी रहे महेंद्र सिंह रलावता, निवर्तमान जिला अध्यक्ष विजय जैन, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष पार्षद साहिबा द्रोपदी कोली, पार्षद मनवर कायमखानी, बिपिन बेंसिल, सोशल मीडिया विभाग प्रदेश सचिव मनीष सेन, सोशल मीडिया विभाग शहर जिला कांग्रेस कमेटी अजमेर अध्यक्ष पीयूष सुराणा, दीन दुःखी दिव्यांग सेवा संस्था अजमेर के अध्यक्ष महेंद्र कुमार जोशी, पूर्व वार्ड 3/4 वार्ड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार चौधरी, बैटर लाइफ टूवर्ल्ड फाउंडेशन के राधेश्याम सैनी, एवम अजमेर जिले के ट्रस्ट, एनजीओ के अध्यक्ष, सदस्य, पदाधिकारीगण मौजूद रहे। पीयूष सुराणा ने बताया की दूसरे सत्र में डॉक्टर निलेश जैन पशु विभाग ने पशुओं के फायदे और बचाव की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी नवीन सागर सोनी जी ने शिक्षा से संबंधित जानकारियां दी, और आए हुए स्वयंसेवी संस्थाओं के सवालों के जवाब दिए और उनके सुझावों को सरकार में रखने की बात कही। पीयूष सुराणा ने फळए के तहत प्रवेश लेने वाले बच्चो को बुक, कॉपी, ड्रेस, निःशुल्क देने के लिए अपने लेटर पैड पर लिखकर राज्य मंत्री मुमताज मसीह को अभिभावकों की पीड़ा से अवगत करवाया। वन विभाग के अधिकारी ने पर्यावरण को बचाने और पेड़ पौधे लगाने की जानकारी दी। और औषोधियुक्त पौधो की जानकारी दी। और पॉलिथीन का उपयोग ना करने की बात कही। राज्य मंत्री मुमताज मसीह ने अपनी बात रखते हुए स्वयंसेवी संस्थाओं को राज्य सरकार की योजनाओं को बताया। और आए हुए सुझाव को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तक पहुंचने की बात कही। अंतिम छोर तक इन योजनाओं को कैसे पहुंचाया जाए, इसके लिए भी जानकारी दी गई। दीन दुःखी दिव्यांग सेवा संस्था के जिला प्रचार मंत्री पीयूष सुराणा, मनीष चौरसिया, श्रेयांस सुराणा, मनोज कंजर, सरोज गहलोत, पूर्णिमा बुंदेल, एवम अन्य साथीगण मौजूद रहे।